राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 31 दिसम्बर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 08 व 09 जनवरी, 2022 तथा 15 व 16 जनवरी, 2022 को दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि दिनांक 08 व 09 जनवरी, 2022 को बीकानेर, झालावाड़, बाड़मेर, राजसमन्द तथा जोधपुर जिलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। तत्पश्चात् दिनांक 15 एवं 16 जनवरी, 2022 को जैसलमेर, दौसा, सीकर, अलवर, बारां व नागौर जिलों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

चतुर्वेदी ने बताया जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में जिले में निवासरत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, सदस्यगण तथा एआईसीसी के सदस्यगण, विधायक/प्रत्याशी, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिले की समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान अध्यक्षगण, जिला कांग्रेस कमेटी के निर्वाचित एवं सहवृत्त सदस्यगण, जिले के समस्त अग्रिम संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान अध्यक्षगण, जिला प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति प्रधान, नगर निकाय चैयरमेन प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। शिविर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ट्रेनिंग विभाग से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं भारतीय दर्शन तथा भारत निर्माण में कांग्रेस पार्टी के योगदान विषय सहित अन्य समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जिलों में आयोजित होने वाले दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 31 दिसम्बर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने नव वर्ष-2022 के लिए सभी प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। श्री डोटासरा ने अपने शुभकामना संदेश में कामना की है कि नया वर्ष सभी प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली, समृद्धि, उन्नति एवं प्रसन्नता प्रदान करने वाला हो।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter